बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**वेबसाइटः**www.bankofbaroda.in **ईमेल** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place: मुंबई** तारीख/**Date: 05.06.2024**

**प्रेसविज्ञप्ति /Press Release**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने हरित पर्यावरण की संकल्पना के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस**

**पार्कों को लिया गोद और चलाया पौधारोपण अभियान, जुटाया ग्रीन डिपॉजिट**

**मुंबई**, 5 **जून 2024:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने पृथ्वी की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्वों के तहत कई पहलें कीं।

देश भर में बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यालयों ने पार्कों और उद्यानों को गोद लिया और **498** से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए। इन पार्कों को गोद लेते हुए, बैंक इनके बगीचों की देखभाल और रखरखाव, पौधे और फूलों की क्यारियाँ लगाने एवं उन्हें कूड़े-कचरे से मुक्त रखने संबंधी उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेगा।

इसके अलावा, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, बैंक ने हाल ही में शुरू की गई बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट स्कीम पर केंद्रित एक जागरूकता अभियान चलाया जिसके दौरान जमाकर्ताओं और पर्यावरण दोनों के लिए योजना के फ़ायदों के बारे में जानकारी दी गई। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट में प्रति वर्ष **7.15%** तक की ब्याज दर उपलब्ध है और इसके तहत जुटाई गई धनराशि का उपयोग पात्र पर्यावरण के अनुकूल परियोजनाओं और क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। केवल दो दिनों में, बैंक ने **4,000** से अधिक खाते खोले जिसमें **16.92** करोड़ रुपये की कुल जमा राशि प्राप्त हुई।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कॉर्पोरेट कार्यालय में **कार्यपालक निदेशक**, **श्री लाल सिंह के साथ** पौधारोपण अभियान की शुरुआत करते हुए **बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद ने कहा,** "बैंक ऑफ़ बड़ौदा में, हम एक हरित भविष्य के निर्माण के लिए प्रभावी उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस वर्ष हमने देश के विभिन्न हिस्सों में तेज गर्मी का सामना करने के साथ जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। इस क्षेत्र में शीघ्र प्रयास किए जाने जरूरी हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संवहनीय भविष्य के निर्माण की मुहिम में अपना योगदान देने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस से बेहतर अवसर नहीं हो सकता है।"

About Bank of Baroda
Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer

base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com